जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट, प्रतापगढ़।

प्रेस नोट

पत्रांकः 203/24 दिनांक 07-09-24

विषयः स्थायी लोक अदालत, प्रतापगढ़ में सदस्य के चयन हेतु साक्षात्कार के संबंध में।

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या--3199/एसएलएसए 49/2016 (हैदर) दिनांकित 03.09.2024 एवं माननीय जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के आदेश के अनुक्रम में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार जनपद में गठित स्थायी लोक अदालत के सदस्य के चयन हेतु इस कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त है। प्राप्त आवेदन पत्रों में उक्त सदस्य के पद पर चयन हेतु माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 30.09.2024 को जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है, जिसमें आप समस्त आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः उक्त पद पर सदस्य के चयन हेतु आवेदक/अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण, पहचान पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 30.09.2024 को समय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

07-09-24

(सुमित पंवार)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जनपद-- प्रतापगढ़।

प्रतिलिपिः

1. जिला सूचनाधिकारी प्रतापगढ़ को राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
2. केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के दीवानी न्यायालय/कलेक्ट्रेट, प्रतापगढ़ के नोटिस बोर्ड, समस्त बार एशोसिएशन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. सिस्टम ऑफिसर कम्प्यूटर अनुभाग प्रतापगढ़ को उक्त विज्ञप्ति को माननीय न्यायालय इलाहाबाद एवं जिला न्यायालय प्रतापगढ़ की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

07-09-24

(सुमित पंवार)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जनपद-- प्रतापगढ़।